## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बलदेव साव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार और कला समीक्षक डॉ. बलदेव साव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। डॉ. सिंह ने आज यहां जारी शोक संदेश में कहा है कि स्वर्गीय डॉ. बलदेव साव ने अपनी सुदीर्घ साहित्य साधना के जरिए जहां देश और समाज को मूल्यवान सेवाएं दी, वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ में हिन्दी और छत्तीसगढ़ी साहित्य के भण्डार को समृद्ध बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा-स्वर्गीय डॉ. साव ने पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित छत्तीसगढ़ के महान कवि स्वर्गीय पंडित मुकुटधर पाण्डेय की अनेक अल्पज्ञात और अप्रकाशित रचनाओं से प्रदेश की नई पीढ़ी को परिचित कराने का अनुकरणीय कार्य किया। स्वर्गीय डॉ. बलदेव साव छत्तीसगढ़ के ऐसे वरिष्ठ साहित्यकारों में से थे, जिन्होंने व्यक्तिगत प्रचार-प्रसार के तामझाम से दूर रहकर रायगढ़ जैसे छोटे शहर में वर्षों तक साहित्य सृजन का कार्य किया। उनके निधन से प्रदेश की साहित्यिक बिरादरी को अपूरणीय क्षति पहुंची है। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ. साव के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### डिप्टी कलेक्टर देवांगन को सौंपा गया जेल अधीक्षक, जिला जेल का अतिरिक्त प्रभार

धमतरी (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ.सी.आर.प्रसन्ना ने डिप्टी कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन को उन्हें सौंपे गए प्रभारी शाखाओं के साथ-साथ जेल अधीक्षक, जिला जेल धमतरी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उन्हें यह अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से सौंपा गया है।

### बाइक सवार मां.बेटे को ट्रेलर ने कुचला, मौत

#### कुसमुंडा मार्ग पर हुआ हादसा

कोरबा (आरएनएस)। सड़क हादसों का ग्राफ एक बार फिर बढ़ने लगा है। कल जहां पसान के तिलाईडांड में बेकाबू ट्रेलर ने कार को रौंद दिया था। इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे के 24 घंटे के बाद कुसमुंडा मार्ग पर घटित सड़क हादसे में मां.बेटे की मौत हो गई। बाइक सवार मां-बेटे को ट्रेलर ने कुचल दिया। तेज रफ्तार ट्रेलर के पहियों के बीच बाइक फंसी रही। दोनों सवारों को करीब 100 मीटर तक ट्रेलर घसीटते हुए आगे ले गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रेलर चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया है।

### मार्ग बाधित करने वाले चालकों पर हुई कार्रवाई

कोरबा (आरएनएस)। बालको पुलिस ने सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा कर मार्ग बाधित करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। आचार संहिता लागू होने के बाद से पुलिस द्वारा लगातार वाहनों की सघन जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर यातायात को बाधित करने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई जारी है।

### मोबाइल मांगने पर दुकान संचालक ने साथियों के मिलकर दो ग्रामीणों को धुना

कोरबा (आरएनएस)। बालको थाना क्षेत्र के ग्राम रूमगढ़ा में मोबाइल मांगने की बात पर मोबाइल दुकान संचालक ने अपने दो साथियों के साथ दो लोगों की जमकर धुनाई कर दी। बालको थाना अंतर्गत रूमगढ़ा ऊपरपारा निवासी दीपक मौर्या द्वारा क्षेत्र में ही दीपक मोबाइल दुकान का संचालन किया जाता है। स्थानीय निवासी रामखिलावन मंझवार पिता रामेश्वर 26 वर्ष के साथी रतिराम ने दीपक को अपनी मोबाइल सुधारने दिया था। उक्त मोबाइल को लेने रामखिलावन और रतिराम मोबाइल दुकान पहुँचे। जहाँ संचालक ने मोबाइल नहीं बनने की जानकारी दी।जिसपर रतिराम ने तुरंत मोबाइल वापस करने कहा, जिसे लेकर विवाद की स्थिति पैदा हो गई। दीपक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर रामखिलावन एवं रतिराम की की पिटाई कर दी। घटना में घायल रामखिलावन की रिपोर्ट के आधार पर बालको पुलिस ने दीपक व उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया है।

### विधानसभा निर्वाचन 2018: अस्त्र-शस्त्र, रैली एवं जुलूस पर प्रतिबंध

रायगढ़ (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी ने विधानसभा आम निर्वाचन 2018 घोषणा तिथि उपरांत जिले में लोक शांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, सभा, रैली एवं जुलूस पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश रायगढ़ जिले में आचार संहिता लागू होने के तिथि से निर्वाचन समाप्त होने तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

### नारी शक्ति के प्रति सम्मान का महापर्व है शारदीय नवरात्रि- डॉ. रमन सिंह

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कल 10 अक्टूबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि के महापर्व के अवसर पर जनता को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने सभी लोगों के प्रति शुभेच्छा प्रकट की है और कहा है कि शक्ति की देवी मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा का यह महाअनुष्ठान हमारी महान भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक पवित्र महापर्व है। उन्होंने मां दुर्गा से सभी लोगों की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद की कामना की है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, रतनपुर के महामाया मंदिर, दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर, चंद्रपुर के चंद्रहासिनी मंदिर सहित राज्य के सभी आस्था केंद्रों में देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा के लिए हजारों-लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुजनों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### सराफा व्यापारी का 56 किलो चांदी लेकर नौकर फरार

रायपुर (आरएनएस)। थोक सराफा कारोबारी 98 किलो 450 ग्राम चांदी लेकर राजधानी में सौदा कर बिक्री करने अपने पास रखा था। थाना कोतवाली में धारा 408 तहत के प्रार्थी राकेश कुमार वाहेती(47) निवासी गिरधर भवन पास सदरबाजार की शिकायत सोमवार को दोपहर 2.30 बजे रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पीड़ित ने बताया कि घटना रविवार दोपहर 2 से शाम 8 बजे के बीच की है।

# विस्फोटक विशेषज्ञ, ईनामी समेत 5 नक्सली गिरफ्तार



जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर संभाग की दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिला पुलिस ने दबिश देकर एक लाख के ईनामी समेत 5 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दंतेवाड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस बल कुआकोंडा की टीम ने जगदलपुर बस स्टैंड से तीन नक्सलियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में दिनेश सोढ़ी, मच्चा साई बाबू और सुदरु हेमला शामिल हैं। ये बड़े नक्सलियों के नेतृत्व में नक्सल घटनाओं को अंजाम देते थे। वहीं सुकमा जिला पुलिस ने ऐराबोर थाना इलाके से 1 लाख के इनामी नक्सली सहित 2 नक्सली को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादी जनमिलीशिया सदस्यों को पकड़ कर थाना कुआकोंडा लाकर बारीकी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में बताया कि 3 जनवरी से नक्सली कमांडर देवा विनोद एवं सूमडू तथा गुंडाधुर के साथ मिलकर वर्तमान समय तक काम किया है। इसके अलावा 8 फरवरी को हिंगा मंडावी जो अपनी मां की अंतिम क्रियाक्रम में शामिल होने ग्राम फुलपाड डोमारपारा अपने घर गया हुआ था।

उसी रात 20 से 25 हथियार बंद नक्सलियों के साथ मिलकर हिंगा को गोली मारकर एवं चाकू से गला रेत कर निर्मम हत्या करने की घटना में शामिल थे। जनमिलीशिया सदस्यों द्वारा वर्तमान में माओवादियों को विस्फोटक सामग्री, दवाई, हत्या, दैनिक उपयोगी की सामग्री पहुंचाने एवं पुलिस की रेकी करने का काम करते थे. पुलिस ने तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है.

### सुकमा से भी दो नक्सली हुए गिरफ्तार

इधर सुकमा जिला पुलिस ने भी ऐराबोर थाना इलाके से 1 लाख के इनामी नक्सली सहित 2 नक्सलियों गिरफ्तार किया है। दोनों नक्सली पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की फिराक में थे। गिरफ्तार नक्सली आईईडी लगाने वाली टीम के साथ मिलकर घटनाओं को अंजाम देते थे।

# वीआईपी रेस्ट हाउस में चौकीदार पति-पत्नी की हत्या

### बेटी की हालत गंभीर दामाद पर शक सुई तखतपुर में सनसनी

तखतपुर (आरएनएस)। तखतपुर शहर से चंद कदम दूर खपरी में दुहरा हत्याकाण्ड से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। रेस्ट हाउस चौकीदार और उसकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सूचना के बाद पुलिस हत्या की मिस्ट्री को सुलझाने का प्रयास कर रही है।




तखतपुर से चंद कदम दूर खपरी रेस्ट हाउस के चौकीदार की बीती रात हत्या कर दी गयी है। जानकारी यह भी है कि अज्ञात हत्यारों ने चौकीदार की पत्नी को भी मौत के घाट उतार दिया है। बताया जा रहा है कि पति पत्नी दोनों खपरी रेस्ट हाउस में रहते थे। जानकारी के अनुसार अज्ञात हत्यारों ने चौकीदार पति पत्नी और बेटी को गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

तखतपुर पुलिस के अनुसार खपरी रेस्ट हाउस मे चौकीदार और उसकी पत्नी की बीती रात हत्या कर दी गयी है। चौकीदार की बेटी गंभीर से रूप से घायल हो गयी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद तखतपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। चौकीदार की घायल बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते चलें कि तखतपुर रेस्ट हाउस बिलासपुर और तखतपुर के बीच खपरी नर्मदा में है। रेस्ट हाउस लोक निर्माण विभाग के नियंत्रण में है।

पुलिस सूत्रों की मानें तो पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में पिछले 20 साल से सियाराम धुरी पिता दुखीराम दूरी उम्र 55 साल चौकीदार का काम करता था। सियाराम यहां अपने परिवार के साथ रहता था। जाहिर सी बात है कि सियाराम की पत्नी सकून धूरी भी साथ में रहती थी। जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले ही सियाराम की बेटी उमा धुरी का विवाह तखतपुर चुलघट रोड में हुआ था लेकिन बेटी कुछ समय से ससुराल छोड़कर अपने पिता के साथ ही रह रही थी।

बीती रात को किसी ने रेस्ट हाउस के एक कमरे में चौकीदार और उसकी पत्नी की हत्या कर दी है। पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल चौकीदार की बेटी अस्पताल में भर्ती किया गया है। व्हीआईपी रेस्ट हाउस में हुई हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। सूचना के बाद मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्टी भी पहुंच गए हैं। लोगों से मिली जानकारी सिरयराम का दामाद गोलू धुरी आए दिन रेस्ट हाउस पहुंचकर सास श्वसुर और मृतक की बेटी से मारपीट करता था।

बताया यह भी जा रहा है कि मृतक सियाराम की घायल बेटी का अपने पति से तलाक भी हो चुका है। बावजूद इसके दामाद आए दिन परिवार को परेशान करता था।

# विस्फोटक विशेषज्ञ, ईनामी समेत 5 नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर संभाग की दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिला पुलिस ने दबिश देकर एक लाख के ईनामी समेत 5 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दंतेवाड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस बल कुआकोंडा की टीम ने जगदलपुर बस स्टैंड से तीन नक्सलियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में दिनेश सोढ़ी, मच्चा साई बाबू और सुदरु हेमला शामिल हैं। ये बड़े नक्सलियों के नेतृत्व में नक्सल घटनाओं को अंजाम देते थे। वहीं सुकमा जिला पुलिस ने ऐराबोर थाना इलाके से 1 लाख के इनामी नक्सली सहित 2 नक्सली को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादी जनमिलीशिया सदस्यों को पकड़ कर थाना कुआकोंडा लाकर बारीकी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में बताया कि 3 जनवरी से नक्सली कमांडर देवा विनोद एवं सूमडू तथा गुंडाधुर के साथ मिलकर वर्तमान समय तक काम किया है। इसके अलावा 8 फरवरी को हिंगा मंडावी जो अपनी मां की अंतिम क्रियाक्रम में शामिल होने ग्राम फुलपाड डोमारपारा अपने घर गया हुआ था।

उसी रात 20 से 25 हथियार बंद नक्सलियों के साथ मिलकर हिंगा को गोली मारकर एवं चाकू से गला रेत कर निर्मम हत्या करने की घटना में शामिल थे। जनमिलीशिया सदस्यों द्वारा वर्तमान में माओवादियों को विस्फोटक सामग्री, दवाई, हत्या, दैनिक उपयोगी की सामग्री पहुंचाने एवं पुलिस की रेकी करने का काम करते थे. पुलिस ने तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है.

### सुकमा से भी दो नक्सली हुए गिरफ्तार

इधर सुकमा जिला पुलिस ने भी ऐराबोर थाना इलाके से 1 लाख के इनामी नक्सली सहित 2 नक्सलियों गिरफ्तार किया है। दोनों नक्सली पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की फिराक में थे। गिरफ्तार नक्सली आईईडी लगाने वाली टीम के साथ मिलकर घटनाओं को अंजाम देते थे।

# कमजोर का हाथ थामकर आगे बढ़ायें-बृजमोहन

### धोबी समाज के रजक महोत्सव में कृषि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

रायपुर (आरएनएस)। धोबी समाज के रजक महोत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि एवं सिंचाई मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय सामाजिक व्यवस्था मे धोबी समाज का अपना अलग ही महत्व है।यह समाज स्वच्छता का परिचायक है। परंतु समाज को समय के साथ-साथ चलने की आवश्यकता है।



जरूरी है कि हम समाज के कमजोर तबके का हाथ थाम कर आगे बढ़ाये। हमारा ऐसा प्रयास समृद्ध समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। यह रजक महोत्सव कृष्ण कुमार निर्मलकर स्मृति उद्यान बोरियाखुर्द में सम्पन्न हुआ। जिसमे प्रदेश के समस्त जिलों से सामाजिक परिवार उपस्थित थे। इस दौरान युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था। जिसमे प्रदेशभर से लगभग 500 युवा शामिल हुए थे।

श्री अग्रवाल ने कहा कि परिचय सम्मेलन समाज की एक स्वस्थ परंपरा है। अपनी संतान के लिए योग्य वर-वधु ढूंढने के लिए यह अच्छा अवसर रहता है। इस आयोजन से परिवारों का वक्त और अर्थ दोनों बचता है।

बृजमोहन ने कहा कि समाज के कमजोर तबके की चिंता सबको करनी चाहिए। आपकी-हमारी थोड़ी मदद उन्हें काफी राहत पहुंचा सकती है। हमे चाहिए की उनकी बेटी का ब्याह,बच्चों की शिक्षा और उस परिवार के इलाज में मदद करें।

धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि मैं आज राजनीति में जोगी कांग्रेस का सिपाही हूं परंतु भाजपा के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल जी के सेवाभावी कार्य मेरे लिए प्रेरणादायक है। वे ही एक ऐसे राजनेता है जो दलगत भाव से ऊपर उठकर सभी क्षेत्रों का समुचित विकास तथा हर जरूरतमंद की मदद करते है।हमारे समाज को भी वे बराबर महत्व देते है। इसी वजह से हमारा धोबी समाज उन्हें अपने सबसे निकट मानता है और स्नेह करता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक नंदे साहू, कमल साहू, कार्तिकराम निर्मलकर, डॉ रामकुमार, शिवकुमार निर्मलकर, सुशील निर्मलकर, लोकेश निर्मलकर, लेखराम बघेल, नारायण निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, नर्मदा निर्मलकर, सरोजनी निर्मलकर, हेमिन निर्मलकर, सरोज निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

# प्राइवेट कंपनी का दीवाल तोड़कर 45 नग मोबाइल पार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। आमानाका थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व 10 सितंबर की रात टाटीबंध स्थित गति केडब्लयूई प्राइवेट कंपनी का दिवाल तोड़कर 45 नग मोबाइल फोन की चोरी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्राइमब्रांच की टीम ने आज खुलासा करते हुए अंतराज्यीय गिरोह के सदस्यों को जौनपुर यूपी से गिरफ्तार कर लाया गया है।

आरोपियों के कब्जे से जब्त मोबाइल की कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बतायी जा रही है। आरोपी बृजेश कुमार विश्वकर्मा उर्फ चंदन 22 वर्ष निवासी मड़ियाहू जौनपुर यूपी और प्रमोद कुमार मौर्या उम्र 23 साल निवासी जौनपुर का गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से लैपटाप, चाईना मोबाइल, चाईना घड़ी, गिफ्ट, सैमसंग मोबाइल भी जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक केडब्लयूई प्राइवेट कंपनी टाटीबंध स्थित गोदाम में देश व विदेशों से सामान ट्रक व हवाई जहाज के जरिये आता है। जिसे प्राइवेट कंपनी व घरों में पार्सल की डिलवरी की जाती है। कंपनी के मैनेजर प्रार्थी सुशील कुमार गौतम ने आमानाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 सितंबर की रात्रि लगभग डेढ़ बजे गोडऊन के सिक्यूरिटी गार्ड सत्येंद्र सिंह ने फोन कर गोडाउन के अंदर काटून में चीर फाड़ की आवाज आने की सूचना मैनेजर को दी। मैनेजर ने स्टॉफ को भेजा और गोडाऊन के अंदर प्रवेश किया तो तीन चार चोरों ने बैग में सामान लेकर पीछे के रास्ते से फरार हो गए।

आरोपियों ने गोडाऊन के पिछे के दिवाल को तोड़कर सेंधमारी किया था। घटना स्थल को लेकर जानकारी खंगालने पर पुलिस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज व वारदात के तरीके से किसी बाहरी गिरोह की होने की संका जाहिर की। इसके बाद जांच पड़ताल में एक टीम को जौनपुर भेजा गया जहां से आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

# कोक ओवन में गैस पाइप लाइन में विस्फोट,12 कर्मचारी झुलसे

### सभी घायलों को सेक्टर 9 में किया गया भर्ती

भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्थित भिलाई स्टील प्लांट में मंगलवार को गैस पाइप लाइन फटने से बड़ा हादसा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोक ओवन बैटरी नंबर 11 के सीडीसीपी में गैस पाइप लाइप में विस्फोट हो गया। घटना का समय सुबह 11 बजे बताया जा रहा है। विस्फोट के बाद आग की बड़ी-बड़ी लपटों की चपेट में आकर एक दर्जन से ज्यादा बीएसपी कर्मचारी झुलस गए हैं। गैस पाइप लाइप फटने से प्लांट में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मेन मेडिकल पोस्ट से एंबुलेंस रवाना की गई है।

प्लांट में गैस पाइप लाइन फटने से झुलसे हुए एक दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों को उपचार के लिए पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर 9 लाया गया है। जानकारी के अनुसार आग की लपटों में झुलसे हुए कई कर्मचारी गंभीर बताए जा रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल में भर्ती कर्मचारी करीब 30 से 60 प्रतिशत तक झुलस गए हैं। जिन्हें बर्न यूनिट में रखा गया है।

भिलाई स्टील प्लांट में मंगलवार को गैस पाइप लाइन फटने से पूरे प्लांट के अंदर अफरा-तफरी मच गई है। एक दर्जन से ज्यादा झुलसे हुए कार्मिकों के उपचार के लिए सेक्टर 9 में प्रबंधन जुटा हुआ है।

# पीसीसी अध्यक्ष बघेल ने 5 मांगों को लेकर छग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेश बघेल ने विधानसभा चुनाव 2018 के परिप्रेक्ष्य में आज 5 मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी सुब्रत साहू को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ओम प्रकाश रावत एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अजय सिंह के नाम पर भी प्रेषित किया है।



अपने मांग पत्र में पीसीसी अध्यक्ष भूपेश बघेल ने विधानसभा चुनाव 2018 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के अधिकारी/कर्मचारियों के स्थानांतरण/ पदस्थापना, स्काई योजना अंतर्गत अवितरित मोबाईल्स को राज्य भंडार गृह में सुरक्षित रखना, संपूर्ण छत्तीसगढ़ में एक चरण में विधानसभा निर्वाचन 2018 संपन्न कराया जाये, दुर्ग, बिलासपुर एवं सुकमा के कलेक्टर को तत्काल हटाने तथा छत्तीसगढ़ में शराब बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की है।

श्री बघेल ने ज्ञापन पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्काई योजना अंतर्गत कुल कितने मोबाईल वितरित किये जाने थे, एवं कितने मोबाईल आचार संहिता लागू होने तक वितरित किये गये है तथा कितने मोबाईल वितरण हेतु शेष है।

यह जानकारी अवगत कराये एवं आपसे अनुरोध है कि अवितरित मोबाईल जहां भी राज्य शासन के अधीन जिस कार्यालय में/अधिकारी के आधिपत्य में रखे है, उन्हें तत्काल राज्य भंडार गृह में अपनी अभिरक्षा में निर्वाचन आयोग सुरक्षित रखवाये। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि पूरे छत्तीसगढ़ में एक चरण में विधानसभा निर्वाचन 2018 संपन्न कराया जाये। इसके लिये हमारी ओर से तर्क संगत, युक्ति,-युक्तकारण यह है कि तेलंगाना राज्य में 119 विधानसभा क्षेत्रों में एक चरण में चुनाव संपन्न कराया जा रहा है जबकि यह राज्य छत्तीसगढ़ से अधिक नक्सल प्रभावित रहा है, दूसरी ओर राजस्थान में 200, मध्यप्रदेश 230 विधानसभा क्षेत्रों में भी एक चरण में चुनाव संपन्न कराया जा रहा है, केवल छत्तीसगढ़ जिसमें 90 विधानसभा क्षेत्र है वहां आयोग के द्वारा दो चरणों में चुनाव कराने का कार्यक्रम जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा बलो की पूर्व से ही पर्याप्त संख्या है, जो शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये सक्षम है।

श्री बघेल ने तीन जिलों के कलेक्टरों के हटाने की मांग पर पत्र में लिखा है कि उमेश अग्रवाल कलेक्टर-दुर्ग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, संचालक-नगर एवं ग्राम-निवेश के पद पर रहते हुए स्वागत-विहार घोटाला में सम्मिलित है एवं दुर्ग कलेक्टर के पद पर रहते हुए राजनैतिक दबाव के कारण दुर्भावनावश न्यायालय के आदेश विपरीत एक प्रकरण में आदेश पारित किया है। उक्त अधिकारी के दुर्ग जिला निर्वाचन अधिकारी के पद पर रहते हुए निष्पक्ष निर्वाचन की संभावना नही है। अतएव उन्हे तत्काल निर्वाचन कार्य से पृथक किया जावे।

श्री बघेल ने पी. दयानंद कलेक्टर बिलासपुर, जयप्रकाश मौर्य कलेक्टर सुकमा के संबंध में कहा कि इनकी निष्ठा एवं निष्पक्ष कार्यप्रणाली को लेकर आयोग से तत्काल स्थानांतरण करने का निवेदन किया गया था। पुनः आपके पास निर्वाचन की घोषणा होने के बाद आचार संहिता लागू होने के फलस्वरूप शिकायत कर इन दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाने का कष्ट करें, जिससे निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सके।